दैनिक भास्कर बिलासपुर भास्कर 29-04-2026

हाई कोर्ट का आदेश

मेंटल हॉस्पिटल में 3 महीने में भरें मनोरोग विशेषज्ञों के खाली पद

बिलासपुर | सेंदरी के मेंटल हॉस्पिटल में मनोरोग विशेषज्ञों की भारी कमी पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार को 3 महीने के भीतर भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं । सोमवार को सुनवाई के दौरान बताया गया कि राज्य सरकार ने पिछले साल 22 अप्रैल 2025 को भी मनोरोग विशेषज्ञों की भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला था, लेकिन अक्टूबर 2025 में जब दस्तावेजों का सत्यापन हुआ, तो या तो उम्मीदवार अनुपस्थित रहे या वे अपात्र पाए गए। इस वजह से साक्षात्कार के लिए एक भी योग्य उम्मीदवार नहीं मिल सका और भर्ती टालनी पड़ी। विभाग के सचिव ने शपथ पत्र देकर बताया कि अब 6 नए पदों पर भर्ती के लिए नए सिरे से कवायद शुरू की गई है। 21 अप्रैल 2026 को लोक सेवा आयोग को मांग पत्र भेज दिया गया है। स्टाफ नर्स और वार्ड बॉय जैसे पदों के लिए भी चयन सूची तैयार है और जल्द ही नियुक्ति आदेश जारी होंगे। अगली सुनवाई 30 जून को होगी।

18 मई से 12 जून तक समर वेकेशन

बिलासपुर | हाई कोर्ट ने वर्ष 2026 के लिए समर वेकेशन की आधिकारिक घोषणा कर दी है। सोमवार को जारी अधिसूचना के अनुसार हाई कोर्ट 18 मई से 12 जून तक समर वेकेशन के कारण बंद रहेगा। अवकाश के बाद हाई कोर्ट 15 जून को दोबारा खुलेगा। वेकेशन के दौरान वेकेशन जज आवश्यक मामलों की सुनवाई करेंगे। 19, 21, 26, 28 मई और 2, 4, 9, 11 जून को वेकेशन जज बैठेंगे। पहले डिवीजन बेंच के मामलों की सुनवाई होगी और उसके बाद समय उपलब्ध होने पर सिंगल बेंच के मामले लिए जाएंगे। समर वेकेशन के दौरान सभी सिविल, क्रिमिनल और रिट याचिकाएं लगाई जा सकेंगी। नए मामलों के साथ तत्काल सुनवाई के लिए आवेदन देना अनिवार्य होगा।